सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 221 | इंदौर, मंगलवार 20 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

आज

## "मंथरा गान" के छठवें सत्र में आप सभी आमंत्रित है...!

कृपया "मंथरा गान" के इस आयोजन में आप अवश्य भाग लेवें ...साथ ही अपने इष्ट मित्रों एवं परिवारजनों को भी... मेरी ओर से सूचना देने का कष्ट करें... यह आयोजन अनूठा, अद्भुत और ऐतिहासिक है...आपकी सहभागिता से यह कार्यक्रम...गरिमा और सफलता प्राप्त करेगा... अवश्य आईये...!

संपर्क सूत्र : - एल.एन. उग्र
मो. 9425039071

**...पिछले सत्र की झलकियां...**















## श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति

आर.एन.टी.मार्ग, इन्दौर (म.प्र.)

अनूठा | अद्भुत | ऐतिहासिक

महाग्रंथ "रामायण" के उपेक्षित पात्र पर कविवर पं.सत्यनारायण सत्तन जी द्वारा रचित महाकाव्य "मंथरा" के प्रमुख अंशो को लयबद्ध (स्वरबद्ध) कर

"मंथरा गान"

का आयोजन किया जा रहा है।

: गान स्वरदेयता :

"पुष्पेन्द्र पुष्प"

समय : 16 जनवरी 2024 से प्रति मंगलवार
समय : सायं 6:15 से 7 :00
स्थान : श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समितिसभाग्रह, इन्दौर

आपकी सहभागिता से यह ऐतिहासिक आयोजन गरिमामय बन सकेगा

कृपया अपने इष्टमित्रों एवं परिवार जनों सहित अवश्य पधारियेगा।

भवदीय

एल.एन.उग्र
सूत्रधार
9425039071

हरेराम वाजपेयी
प्रचार मंत्री

अरविन्द जवलेकर
प्रधानमंत्री

श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति,इन्दौर

## भटनागर की पुस्तक शिव से संवाद का पद्मभूषण श्रद्धेय दाजी ने किया विमोचन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विश्व में विख्यात रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस मेडिटेशन के मार्गदर्शक एवं गुरु पद्म भूषण श्रद्धेय दाजी ने इंदौर के हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर में एक समारोह में अरुण एस भटनागर आई आर एस ,समूह सलाहकार आईआईएसटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा लिखित कविताओं का एक उत्कृष्ट संग्रह 'शिव से संवाद' का विमोचन किया। एक गरिमामय कार्यक्रम में ध्यान के सेशन के बाद एक आत्मीय उद्बोधन के साथ आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में इस दिल को छू लेने वाली पुस्तक का विमोचन किया जो पाठकों को आत्मनिरीक्षण, आध्यात्मिकता और काव्यात्मक प्रस्तुतिकरण का एक श्रेष्ठ उदाहरण प्रतीत होगा। श्रद्धेय दाजी आध्यात्मिकता के उन छात्रों के लिए आदर्श हैं जो राम चंद्र मिशन के हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के माध्यम से आधुनिकता और आध्यात्मिकता का एक आदर्श कॉम्बिनेशन चाहते हैं, जो ध्यान और माइंडफुलनेस प्रथाओं के माध्यम से आंतरिक परिवर्तन और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक आध्यात्मिक आंदोलन है। उनकी शिक्षाएँ आधुनिक जीवन की जटिलताओं से निपटने में आध्यात्मिक विकास और आत्म परिचय के महत्व पर जोर देती हैं। वह आध्यात्मिक पथ के माध्यम से जीवन को बदलने में उत्साहपूर्वक काम कर रहे हैं और आज की तेज गति वाली जिंदगी में स्पष्ट बदलाव ला रहे हैं। शिव से संवाद मानव आत्मा और परमात्मा के बीच एक गहन संवाद है, जिसे अरुण एस भटनागर ने अपने ओजस्वी शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया है। भगवान शिव के कालातीत ज्ञान से प्रेरणा लेते हुए, इस संग्रह की कविताएँ सामान्य से परे जाकर चेतना की गहराइयों में उतरती हैं, पाठकों को अस्तित्व को रेखांकित करने वाले शाश्वत सत्य की एक झलक प्रदान करती हैं।श्रद्धेय दाजी ने पुस्तक विमोचन समारोह में अपने संबोधन में अरुण एस भटनागर की उनकी अंतर्दृष्टिपूर्ण कविता के लिए सराहना की, जो आध्यात्मिकता को साहित्यिक कलात्मकता के साथ सहजता से जोड़ती है। उन्होंने मानवीय अनुभव की जटिलताओं को सुलझाने में कविता की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित करते हुए, अपने छंदों के माध्यम से गहन भावनाओं को जगाने और आत्मनिरीक्षण को प्रेरित करने की लेखक की क्षमता की प्रशंसा की। विमोचन के दौरान, श्री भटनागर ने पुस्तक को अपने आध्यात्मिक गुरु श्री रामचन्द्र महाराज को समर्पित किया (जिन्हे प्यार से बाबू जी कहा जाता है) और श्री पार्थसारथी राजगोपालाचारी जी के साथ अपनी आध्यात्मिक यात्रा के अनुभव साझा किये। उन्होंने अपनी पुस्तक से कुछ संकलन भी सुनाये। 'शिव से संवाद' समकालीन साहित्य में आध्यात्मिक ज्ञान के प्रतीक के रूप में उभरता है।

### विकास कार्यों को लेकर हुई समीक्षा बैठक आयोजित

# आधे सदस्य पहुंचे और आधे रहे नदारद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के सुचारू रूप में क्रियान्वयन के लिए एमआइसी सदस्यों को जोन बांटे गए है। महापौर ने यह जोन बांटने के साय 7 दिन में समीक्षा कर प्रतिवेदन तैयार करने कर कहा था, लेकिन तय समय सीमा गुजरने के बावजूद जोन पर समीक्षा करने आधे सदस्य पहुंचे और आधे नदारद रहे। शहर के विकास कार्यों को प्रगति मिले और समय समय पर समीक्षा समोसा होती रहे इसके लिए महापौर ने एमआइसी मेबरों को जोन बांटे है।

नगर निगम शहर में जहां विकास कार्य कर रहा है, वहीं केंद्र और राज्य सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिलता रहा है। विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के सुचारू रूप में क्रियान्वयन के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शहर में निगम के 19 जोन को एमआइसी मेंबरों के बीच बांटे है।

### इन्हें सौंपी से यहां की जिम्मेदारी

एमआइसी मेंबर राजेंद्र राठौर को जोन व 4, अश्विनी शुक्ल को जोन 2 व 14, निरंजन सिंह चौहान को जोन 13 व 15, राजेश उदावत को जोन 7, 4 व 8, अभिषेक शर्मा को जोन 10 व 19, नंदकिशोर पहाड़िया को जोन 12 व 17, प्रिया डांगी को जोन 3, मनीष शर्मा को जॉन 5 व 6, जीतू यादव को जोन 9 व 16 और राकेश जैन को जोन 11 व 18 दिया गया है। इन एमआइसी सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है कि अपने-अपने जोन अंतर्गत आने वाले वार्ड में चल रहे विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति , कार्य की गुणवत्ता और अन्य कार्यों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का भौतिक मूल्यांकन करें।

### सदस्य सौंपेगे प्रतिवेदन

महापौर भार्गव ने जोन बांटकर जिम्मेदारी देने के साथ 7 दिन में समीक्षा कर प्रतिवेदन तैयार करने का कहा था, मगर तय समय सीमा गुजरने के बावजूद जोन पर समीक्षा करने आधे ही एमआइसी मेंबर पहुंचे और आधे अभी तक नहीं गए है। जो एमआइसी मेंबर अपने जोन पर समीक्षा करने पहुंचे उनमे राजेद्र राठौर, राजेश उदावत, निरंजन सिंह चौहान, जीतू यादव और नंदकिशोर पहाड़िया है। यह मेबर एक-दो दिन में अपना प्रतिवेदन महापौर को देने वाले हैं। इधर, एमआइसी मेंबर राकेश जैन मंगलवार को अपने जोन की समीक्षा करेंगे, क्योंकि ये पहले एक बार समीक्षा कर चुके है। मनीष शर्मा , प्रिया डांगी, बबलू शर्मा और अश्विनी शुक्ल मंगलवार को अपने जोन पर पहुंचकर समीक्षा करेंगे।

## खजराना कर्बला में होंगे एक करोड़ के विकास कार्य, बढ़ेंगी सुविधाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लगभग एक करोड़ के विकास कार्य खजराना करबला शरीफ में किये जायेंगे।जिससे जायरीनों को सुविधाएं मिलेंगी। खास बात यह कि तमाम विकास कार्य बगैर सरकारी मदद से होंगे, इन विकास कार्य करने का बीड़ा खजराना के बादशाह पटेल परिवार ने उठाया, जो जन चर्चा का विषय बना हुआ है। इस एक करोड़ के विकास कार्य की सौगात देने में आबिद बादशाह पटेल और शाहरुख बादशाह पटेल का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कर्बला की समस्याओं को सुलझाने और जायरीनों की सुविधाओं का



ध्यान रखने से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है। कर्बला में करीब 1 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों में आलीशान 2 गेट, बाउंड्रीवाल, सीमेंट कांक्रीट स्लैब आदि विकास कार्य व जीर्णोद्वार कार्य किए जाएँगे। जिसका शुभारंभ मुख्य रूप से असगर पटेल बादशाह, अन्नू पटेल, नायता पटेल समाज के अध्यक्ष युनुस पटेल गुड्डु, पार्षद हाजी उस्मान पटेल, शरीफ पटेल, सैयद वाहिद अली, शाहरुख बादशाह पटेल आदि की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर गाँव के सभी वरिष्ठ लोग उपस्थित थे। गौरतलब रहे कि कर्बला के लिए यह जमीन भी बादशाह पटेल परिवार द्वारा दी गयी है। अब यहां बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू होने से समाजजन में हर्ष व्याप्त है। अन्नू पटेल ने बताया मोहर्रम से पहले विकास कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।

### कटाक्ष




# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मिलेगी पहले से ज्यादा सब्सिडी

### पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा योजना लाभ की जोरदार तैयारी

### दो किलो वाट के सोलर संयंत्र पर अब 60 हजार की सब्सिडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रारंभ की गई है। इसकी मप्र शासन के निर्देश पर पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी तैयारी प्रारंभ की गई है। केंद्र सरकार ने देशभर के एक करोड़ घरों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।**

इसी क्रम में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम सहित सभी 15 जिलों के अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नई योजना के तहत अब दो किलो वाट तक के सोलर संयंत्र पर प्रतिकिलो वाट 30 हजार रुपये प्रति किलो वाट दो किलो वाट तक और तीसरे किलो वाट के लिए 18 हजार इस तरह तीन किलो वाट तक के संयंत्र के लिए अधिकतम 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। श्री तोमर ने बताया कि दिसंबर 2023 की स्थिति में सरकार द्वारा प्रतिकिलो वाट 14 हजार रुपये और जनवरी 2024 में प्रतिकिलो वाट 14 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रति किलो वाट सब्सिडी घोषित की गई थी, जिसे अब 30 हजार रुपये प्रतिकिलो वाट, अधिकतम दो किलोवाट तक घोषित किया गया है।

इस तरह दिसंबर की तुलना में जनवरी 2024 में दो किलो वाट 28 हजार रुपये की बजाय उपभोक्ता को दो किलो वाट के संयंत्र पर 60 हजार रुपये की अधिकतम सब्सिडी मिलेगी। विद्युत वितरण कंपनी ने वीडियो कांफ्रेंस व अन्य माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर मालवा-निमाड़ के सभी 15 जिलों के बिजली अधिकारियों को निर्देशित किया है। योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं की आर्थिक बचत के साथ ही सरकारी लाभ दिलाना और पर्यावरण के हितों की रक्षा करना भी है।

# इंदौर से उज्जैन 40 मिनट में पहुंच सकेंगे

## मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- सिंहस्थ से पहले सिक्सलेन रोड बनेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से उज्जैन का 55 किमी का सफर अब और आरामदायक व आसान हो जाएगा। मप्र सरकार इंदौर-उज्जैन फोर लेन को अब 6 लेन करने जा रही है। इसे लेकर सोमवार को एमपी कैबिनेट में प्रस्ताव पास हो चुका है। यह सड़क 17 सौ करोड़ रुपए में 6 लेन की जाएगी। सिंहस्थ-2028 को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस रोड़ में दो लेन बढ़ने से इंदौर से उज्जैन जाने वाले श्रद्धालुओं को आने जाने में आसानी होगी।**

मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय आवास एवं विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सोमवार को बताया कि उज्जैन सिंहस्थ की तैयारियां चल रही हैं। मुख्यमंत्री यादव इसे लेकर दो बैठक कर चुके हैं। इसी क्रम में अब इंदौर-उज्जैन फोर लेन सड़क को सिक्स लेन करने का फैसला लिया गया है। इसकी लागत 1700 करोड़ रुपए के आसपास होगी। यह सड़क पीपीपी मॉडल पर बनाई जाएगी एवं हातोद से पैरेलल सड़क बनाई जाएगी। बता दें कि 2028 में होने वाले सिंहस्थ सहित अगले 20 साल के ट्रैफिक लोड के हिसाब से अब इसे सिक्स लेन बनाने की प्लानिंग की जा रही है। नए बनने वाले सिक्स लेन हाईवे पर दो की जगह एक ही टोल होगा। 2 बड़े फ्लायओ?वर भी बनेंगे। इसकी डीपीआर पर बनकर तैयार हो चुकी है।

उज्जैन-इंदौर फोर लेन को सिक्स लेन बनने के बाद 55 किलोमीटर का सफर 35 से 40 मिनट में पूरा हो सकेगा। अभी 60 से 70 मिनट लगते हैं। एमपीआरडीसी ने इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार कर ली है। अब कैबिनेट से मंजूरी के बाद ही तय होगा कि प्रोजेक्ट का काम कब शुरू होगा और कब पूरा होगा। दरअसल, महाकाल लोक बनने के बाद इंदौर से बाय रोड उज्जैन आने-जाने वालों की संख्या काफी बढ़ गई है। इस रोड पर ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री यादव ने सिंहस्थ-2028 व 25 साल की जरूरत को देखते हुए इस रोड को डेवलप करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद से ही एमपीआरडीसी ने सिक्स लेन के प्रोजेक्ट को लेकर तेजी से काम कर रहा है।

**अरविंदो मेडिकल कॉलेज से हरि फाटक उज्जैन तक बनेगा-** बताया जा रहा है कि उज्जैन-इंदौर के बीच बनने वाले इस सिक्स लेन को इंदौर के अरविंदो कॉलेज के पास से शुरू किया जाएगा, जहां फ्लाई ओवर का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण कर रहा है। सिक्स लेन उज्जैन में हरि फाटक तक बनेगा। यह लंबाई 44 किमी होगी। इस मार्ग के लिए सरकार को भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि दोनों ही ओर पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। इस मार्ग के निर्माण के दौरान जहां दो मुख्य मार्ग मिलते हैं, वहां ट्रैफिक प्रभावित नहीं होने देने के लिए सिक्स लेन रोड पर एट ग्रेट जंक्शन बनाए जाएंगे, जो ओवर पास के रूप में हो सकते हैं।

## पटवारी भर्ती रोकने की मांग

### छात्रों घेरा कलेक्ट्रेट घेरा, किया प्रदर्शन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के नेतृत्व में युवाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया। करीब 3 घंटे तक प्रदर्शन चला। इनकी मांग है कि पटवारी भर्ती प्रक्रिया को रोका जाए। साथ ही भर्ती परीक्षा को लेकर की गई जांच की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। प्रदर्शन में अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं के कैंडिडेट्स शामिल हुए। दोपहर एक बजे ज्ञापन लेने आए संयुक्त कलेक्टर को कैंडिडेट्स ने नारेबाजी कर वापस भिजवा दिया। इनका कहना है कि ज्ञापन कलेक्टर आशीष सिंह को ही सौंपेंगे। बाद में यूनियन के नेता कलेक्टर से मिलने गए, लेकिन वे नहीं थे। जिसके बाद एडीएम रोशन राय को ज्ञापन दिया। एडीएम राय ने कहा कि हमारा काम शासन तक बात पहुंचाना है। शासन को अवगत करा दिया जाएगा। इससे पहले, प्रदर्शन में शामिल कैंडिडेट्स ने कहा कि 'मध्यप्रदेश की राजधानी दिल्ली बताने वाले, महाकाल लोक को गुजरात का बताने वाले, जिनको ये पता नहीं कि मध्यप्रदेश में कितने जिले हैं? ऐसे फर्जी लोगों को नियुक्ति देकर मध्यप्रदेश को बबार्दी की ओर धकेला जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि पटवारी परीक्षा भर्ती की नियुक्ति की प्रक्रिया आज ही रोककर एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ के नेतृत्व में विशेषज्ञों की रकळ गठित कर जांच की जाएं।

## छात्रों ने कैंसर की बीमारी पर पोस्टर प्रदर्शनी में दिए सार्थक संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कैंसर के बढ़ते खतरे को देखते हुए, विभिन्न संगठनों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत इंडेक्स नर्सिंग कॉलेज और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी सेंटर द्वारा कैंसर बीमारी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विश्व कैंसर दिवस से लेकर कैंसर रोगियों से जुड़े मुद्दों पर छात्रों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए कैंसर की बीमारी के गंभीर खतरों



के बारे में जानकारी दी। इस सेमिनार में सुभी मालवीय, पूजा पटेल और सुबोध श्रीवास द्वारा कैंसर की बीमारी के बढ़ते मरीजों और डाइट से लेकर विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी दी गई। इस पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार से हर्षल उपाध्याय, असमान खान और अंकित सैंधव को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. स्मृति सोलोमन के मार्गदर्शन में डॉ. रीना ठाकुर, प्रो. अंकुश पैट्रिक, विशाल चौधरी और शैफाली पाटीदार द्वारा किया गया।

## हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री संकट मोचन शिव हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। स्कीम नंबर 71 सेक्टर बी स्थित श्री संकट मोचन शिव हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस 18 फरवरी के अवसर पर हनुमानजी महाराज एवं भोलेनाथ का मनमोहक श्रृंगार किया गया। भक्त मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़ वीरू ने बताया कि इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग का नैवेद्य लगाया गया साथ ही संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप जोशी, राजेश वनावला, गिरधर परवाल, शोभना दुबे, ज्योति पुरोहित आदि उपस्थित थे।



### बाल भिक्षावृत्ति की सूचना देने के लिए व्हाट्सएप नंबर 9691729017 जारी

## भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों की जानकारी देने वाले नागरिकों को नगद ईनाम मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर को बाल भिक्षुकों से पूरी तरह मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को और अधिक प्रभावी और गति देने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। निर्णय लिया गया है कि इंदौर में भिक्षा वृत्ति में लगे बच्चों की जानकारी देने वाले नागरिकों को नगद ईनाम दिया जायेगा। बाल भिक्षा वृत्ति में लिप्त बच्चों की सूचना देने के लिए व्हाट्सएप नंबर 9691729017 जारी किया गया है। बाल भिक्षा वृत्ति की चौराहों पर निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी की जाएगी।

कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्टर कार्यालय में टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी



सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर गौरव बैनल, रोशन राय तथा राजेंद्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जारी किये जाने वाले व्हाट्सएप नम्बर के माध्यम से कोई भी नागरिक फोटो और लोकेशन सहित बाल भिक्षावृत्ति की जानकारी दे सकते हैं। जानकारी सही पाए जाने पर संबंधित नागरिक को एक हजार रूपये का इनाम भी दिया जाएगा। साथ ही एक से अधिक बार प्रमाणिक सूचना देने वाले नागरिकों को अलग से भी सम्मानित किया जायेगा। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौराहों पर बाल भिक्षा वृत्ति पर निगरानी रखी जाएगी। बताया गया कि इसके लिए एआईसीटीएसएल और पुलिस कंट्रोल रूम में महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी बैठकर निगरानी रखेंगे। बाल भिक्षा वृत्ति दिखाई देने पर रेस्क्यू दल को उनके द्वारा सूचना दी जाएगी। दल तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू का कार्य करेंगे। दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। बताया गया कि अभी तक बच्चों से भिक्षा वृत्ति कराने पर तीन दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गयी है। अभियान के तहत 17 बच्चों का रेस्क्यू किया गया है। यह अभियान निरन्तर जारी है। बैठक में बताया गया कि कलेक्टर कार्यालय में कक्ष क्रमांक जी-12 में मिडिएशन के लिए व्यवस्था की जा रही है। इसमें विभिन्न मिडिएटरों द्वारा इंदौर जिले के ऐसे समस्त आवेदन/प्रकरण जो उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय के समक्ष में दर्ज किये जाने योग्य है।

# कैबिनेट का फैसला: 1700 करोड़ से इंदौर-उज्जैन रोड सिक्सलेन होगी

## उज्जैन व्यापार मेले में वाहनों पर 50% छूट मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** ग्वालियर की तर्ज पर अब उज्जैन में भी मार्च में व्यापार मेला लगेगा। इसमें वाहनों की खरीदी पर रजिस्ट्रेशन फीस और रोड टैक्स में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। सोमवार को डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक में ये फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने 1700 करोड़ रुपए की लागत से इंदौर-उज्जैन रोड को सिक्सलेन बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। बैठक में राष्ट्रीय संत आचार्य विद्यासागर जी को श्रद्धांजलि भी दी गई। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा- उज्जैन में कार्तिक मेला काफी समय से लगता आ रहा है। अगले महीने से लगने वाले इस व्यापार मेले में ऑटोमोबाइल पर रजिस्ट्रेशन और रोड टैक्स में छूट देने का फैसला लिया गया है। जिस तरह ग्वालियर मेले में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है। वैसे ही यहां भी दी जाएगी।



### इंदौर-उज्जैन रोड पीपीपी मॉडल पर बनेगी

उज्जैन सिंहस्थ की तैयारियां चल रही हैं। इंदौर-उज्जैन रोड को सिक्सलेन करने का फैसला किया है। हातोद से पैरेलल रोड बनाई जाएगी। 1700 करोड़ की लागत से यह सड़क पीपीपी मॉडल पर बनाई जाएगी।

### ऑटोनॉमस बनाए जाएंगे यूनिवर्सिटी-कॉलेज

नई शिक्षा नीति के तहत बडे-बडे विश्वविद्यालयों को ऑटोनॉमस बनाया जाएगा। कॉलेज भी ऑटोनॉमस बनाए जाएंगे। सबसे पहले नए टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से अलग कर शुरू किया जा रहा है। ये विश्वविद्यालय खरगोन में संचालित होगा। क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना में ग्वालियर विश्वविद्यालय से अलग कर शुरू किया जाएगा। इसमें गुना और अशोकनगर जिले अभी लिए हैं। बाकी फैसला बाद में लिया जाएगा।

### लोक सेवा आयोग में दो नए सदस्यों की नियुक्ति

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में दो नए सदस्यों की नियुक्ति की गई हैं। इसमें डॉ. एचएस मरकाम (सहायक प्राध्यापक दंत रोग, जबलपुर मेडिकल कॉलेज) और डॉ. नरेंद्र कुमार कोष्टि (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर) शामिल हैं।

**सिंचाई परियोजनाएं के लिए 165 करोड़ मंजूर-** खंडवा के खालवा तहसील के रोशनी गांव के पास घोड़ापछाड़ नदी पर आंवलिया मध्यम सिंचाई परियोजना प्रस्तावित है। इसके लिए 165 करोड़ की स्वीकृति कैबिनेट ने दी।

### गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा

कैबिनेट में गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर भी चर्चा की गई। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कई गोशालाएं ऐसी हैं, जहां गोबर से अगरबत्ती बनाई जाती हैं। गोबर गोमूत्र से क्या-क्या बनाया जा सकता है इस पर बात हुई। गोशालाओं में गायों को मेडिकल सुविधा मिले इसके लिए सरकार कार्ययोजना बना रही हैं।

# हर्ष फायर में बेटे की मौत, पिता घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल अंचल में हर्ष फायर से मौत और घायल होना कोई नई बात नहीं हैं। यहां शादियों में फायरिंग प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है। यही कारण है कि ग्वालियर अंचल के दतिया में रविवार रात बारात में हुए हर्ष फायर में एक छात्र की गोली लगने से मौत हो गई है, जबकि पिता घायल है और ग्वालियर के जेएएच में भर्ती किया गया है।

इस घटना के एक घंटे बाद ग्वालियर के मुरार बड़ागांव में फक्कड़ बाबा के आश्रम के पास एक शादी समारोह में हर्ष फायर में छात्र गोली लगने से घायल हो गया है। दोनों घटनाओं में पुलिस ने हर्ष फायरिंग के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मैरिज गार्डन में हर्ष फायरिंग रोकने गार्डन व वाटिका संचालकों को हिदायत दी है।

**डीजे पर डांस में चली गोली, बेटे की मौत पिता घायल-** दतिया में शादी समारोह में शामिल होने आए पिता-पुत्र हर्ष फायर का शिकार हो गए और गोली लगने से बेटे की मौत हो गई और पिता घायल है। घायल पिता को उपचार के लिए ग्वालियर रैफर किया गया है, जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दतिया के सुनारी गांव निवासी पवन बघेल अपने बेटे पीयूष बघेल के साथ रविवार रात को शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। इसी बीच बारात आ गई और बाराती ऊख पर डांस करने लगे। तभी अचानक बारात में आए श्याम बघेल की राइफल से हर्ष फायर हुआ और गोली पियूष और पवन को लगी। गोली लगते ही उन्हें उपचार के लिए पहुंचाया। जहां पर उनकी हालत गंभीर देखकर ग्वालियर रैफर किया। रास्ते में पियूष की मौत हो गई और गंभीर हालत में पवन को उपचार के लिए भर्ती कराया है। दतिया की गोराघाट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

**हर्ष फायर में चली गोली, छात्र घायल-** ग्वालियर के मुरार थाना स्थित बड़ागांव फक्कड़ बाबा आश्रम के पास शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में एक छात्र घायल हो गया है। शहर के उपनगर मुरार स्थित निबुआपुरा निवासी 20 वर्षीय सचिन पुत्र भूरे सिंह राणा छात्र है। वह बीएससी सेकेंड ईयर में पढ़ रहा है। रविवार को उसकी ममेरी बहन की शादी का कार्यक्रम फक्कड़ बाबा मंदिर के पास स्थित मास्टर गार्डन से हो रहा था। शादी में शामिल होने के लिए सचिन अपने ताऊ कोमल सिंह के साथ आया था। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह अपने ताऊ के साथ खाना खाने के लिए जा रहा था कि तभी अचानक सचिन को उसकी हाथ में तेज जलन हुई। यह बात उसने ताऊ को बताई तब ताऊ ने देखा तो हाथ से खून निकल रहा था।

### पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट का मामला ...

# मुख्य आरोपी राजेश अग्रवाल की जमानत याचिका निरस्त

**हरदा।** जिले के बैरागढ में पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट के मामले में 13 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि दो सौ से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने फायर वर्क्स के संचालक राजेश अग्रवाल, सोमेश अग्रवाल वही फैक्ट्री की देखरेख करने वाले रफीक खान उम्र मन्नी पटेल सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी राजेश अग्रवाल ने अपनी बीमारी का हवाला देते हुए सोमवार को विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट की अदालत में अपने वकील के माध्यम से जमानत के लिए अपील की गई थी। शासन की ओर से पैरवी कर रहे जिला अभियोजन अधिकारी आशाराम रोहित ने बताया कि न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी राजेश अग्रवाल की जमानत का आवेदन निरस्त कर दिया है। शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी आशाराम रोहित, विशेष लोक अभियोजक जतिन दुबे और अतिरिक्त लोक अभियोजक विपिन सोनकर ने पैरवी की।

# टक्कर से एक की मौत, दो घायल

## →भीड़ ने ट्रैक्टर को आग लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** भिंड से ग्वालियर आ रहे बाइक सवारों को एक बेकाबू ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए और ट्रैक्टर में आग लगा दी। पुलिस मौके पर पहुंची। अभी हालात तनावपूर्ण हैं और शव को वहीं रखकर लोग चक्काजाम कर रहे हैं। पूरा मामला मुरार के लाल टिपारा जड़ेरुआ के पीछे हाईवे के पास का है।

# ग्रामीणों में तेंदुए की दहशत

## वन विभाग ने लगाया पिंजरा; 10 दिन से खेतों में नहीं जा रहे किसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर। पिछले करीब 10 दिनों से नेपानगर क्षेत्र के ग्राम केरपानी गोलखेड़ा में तेंदुए की दहशत से ग्रामीण, किसान परेशान हैं। यहां वन विभाग ने 2-3 दिन पहले पिंजरा भी लगाया है। इसमें एक श्वान को भी रखा गया है। हालांकि, तेंदुआ इसमें नहीं फंसा।**

ग्रामीणों के मुताबिक, करीब 10 दिनों से क्षेत्र में बार बार तेंदुआ नजर आ रहा था। इसकी सूचन वन विभाग को देने पर वन विभाग ने दो तीन दिन पहले एक पिंजरा रखा। उसमें श्वान को भी रखा गया है, लेकिन अभी तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। इधर, तेंदुए की दहशत इस कदर है कि शाम के समय किसान घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। कई किसान दिन में भी खेतों में नहीं जा रहे हैं।

**नावरा रेंज में वन अधिक, अकसर नजर आते हैं तेंदुए-** नावरा रेंज वन क्षेत्र है। यहां तेंदुओं की संख्या भी काफी अच्छी है, लेकिन अकसर यह गांव की ओर भी आ जाते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, करीब 10 दिन पहले से एक तेंदुआ यहां नजर आ रहा था। डर के कारण ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। पिंजरा लगाया गया, लेकिन अभी तेंदुआ इसमें नहीं आ सका है।

### सरकारी हॉस्पिटल में हो रही ट्रेनिंग

# लाठी और तलवारबाजी सीख रहीं लेडी नर्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में लेडी नर्सों को लाठी चलाने और तलवारबाजी की ट्रेनिंग दी जा रही है। शहर के माधव नगर स्थित सरकारी अस्पताल में नर्सों को सेल्फ डिफेंस सिखाया जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस तरह की ट्रेनिंग के आदेश दिए हैं। ट्रेनिंग का पहला सेशन 16 फरवरी को अस्पताल परिसर में हुआ। जिसका वीडियो सामने आया है। ट्रेनिंग सेशन हर शुक्रवार को होगा। प्रदेश में इस तरह का यह पहला प्रयोग है। पहले सेशन में करीब 20 महिला स्टाफ ने लाठी



चलाना सीखा। ट्रेनर मुस्कान सिसोदिया नर्सों को आत्मरक्षा के गुर सिखा रही हैं।

**आत्मरक्षा के लिए दिलाई जा रही ट्रेनिंग** अस्पताल प्रभारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि महिला नर्स की बारी-बारी से नाइट ड्यूटी रहती है। नर्स का मेडिकल चेकअप समेत ट्रीटमेंट के दौरान हर तरह के मरीजों और उनके परिजनों से सामना होता है। जिला अस्पताल में भी आए दिन मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए आत्मरक्षा के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। लेडी स्टाफ के बाद मेल स्टाफ नर्स को भी ट्रेनिंग दी जाएगी। करीब पांच महीने में 40 लोगों के स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी। शुरूआत लाठी चलाने से की गई है। अस्पताल प्रभारी ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान मरीजों को परेशानी न हो, इसलिए ड्यूटी पूरी होने के बाद ही स्टाफ को बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी लेडी नर्स के अलावा लेडी डॉक्टर चाहें, तो ट्रेनिंग ले सकते हैं।

ट्रेनिंग को लेकर नर्स और महिला स्टाफ उत्साहित है। माधव नगर अस्पताल की नर्स मनीषा साहू ने बताया कि नाइट ड्यूटी के दौरान अकेले रहते हैं।

New Delhi

# दिल्ली में कांग्रेस को एक ही सीट का ऑफर क्यों, AAP ने बताई वजह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर समझौता होगा या नहीं? यह सवाल अब भी कायम है और जवाब इस बात पर निर्भर करता है कि कांग्रेस को 'आप' की ओर से आया ऑफर मंजूर होगा या नहीं। 'आप' ने साफ कर दिया है कि यदि कांग्रेस को साथ मिलकर लड़ना है तो एक ही सीट से संतोष करना पड़ेगा। 7 लोकसभा सीटों में से 'आप' ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को एक ही सीट क्यों दी, इस पर दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी ने एक बार फिर अपना रुख साफ किया है। 'आप' का कहना है कि दिल्ली में कांग्रेस के वोट लगातार घट रहे हैं।

दिल्ली के विधायक और आप के वरिष्ठ नेता संजीव झा ने कहा कि कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है और



दिल्ली में आप का जनाधार ज्यादा है इसलिए यह फॉर्मूला दिया गया। संजीव झा ने पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'यदि वोटिंग पर्सेंटेज की बात करें, 2015 का चुनाव हो या 2020 का, लगातार कांग्रेस का वोट घट रहा है। इस लिहाज से तय कि कांग्रेस एक सीट पर और आम आदमी पार्टी 6 सीट पर लड़े। मुझे लगता है कि महत्वपूर्ण जीतना है कि कौन कहां से लड़कर जीत सकता है, कौन कितनी सीटों पर लड़ता है यह महत्वपूर्ण नहीं है। इसी को ध्यान में रखकर कि आम आदमी पार्टी का जनाधार ज्यादा है। आप के विधायक हैं, पार्षद हैं, आप के वोटर्स हैं, चाहें विधानसभा के वोट हों या एमसीडी के चुनाव। जब चुनाव लड़ते हैं तो कई चीजों को देखना पड़ता है। चूंकि आम आदमी पार्टी का दिल्ली में जनाधार ज्यादा है इसलिए तय किया गया कि आप ज्यादा सीटों पर लड़े।'

इससे पहले राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कांग्रेस के सामने ऑफर रखते हुए कहा था कि आंकड़ों के हिसाब से कांग्रेस की दावेदारी एक भी सीट पर नहीं बनती है।

Maharashtra

# सेठ के खाने में नौकरों ने मिलाई नशीली दवा, 2.50 करोड का हीरा चुराकर भागे बिहार

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई में अपने सेठ (मालिक) के घर से करीब ढाई करोड़ रुपये के जेवर लेकर फरार होने वाले दो नौकरों को बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है. इन दोनों ने मालिक और उनके परिवार को नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. करीब हफ्ते भर बाद अब पुलिस ने आरोपियों को दबोच लिया है. आधार कार्ड के जरिए नौकरों की पहचान करने में मुंबई और बिहार पुलिस को मदद मिली.

पुलिस ने पकड़े गए युवकों के पास से चोरी का माल बरामद कर लिया है. उनकी पहचान नीरज उर्फ राजा यादव (19) और राजू उर्फ शत्रुघ्न कुमार (19) के रूप में हुई है. दोनों ने कथित तौर पर 10 फरवरी को उपनगरीय खार निवासी अपने मालिक और उसके परिवार के सदस्यों के भोजन में कुछ नशीला पदार्थ मिलाया और कीमती सामान लेकर भाग गए.

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना 11 फरवरी को तब सामने आई जब 55 वर्षीय शिकायतकर्ता मालिक को पता चला कि उसके फ्लैट से हीरे के गहने गायब हैं. मालिक ने कहा- मेरे परिवार के सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा क्योंकि वे सभी नींद से जागने के बाद उल्टी करने लगे थे. बाद में चोरी समेत अन्य धाराओं में नौकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई.

पुलिस ने बीते सोमवार को राजा यादव और शत्रुघ्न कुमार को उनके आधार कार्ड के विवरण और तकनीकी मदद से पकड़ लिया. उनकी गिरफ्तारी बिहार से हुई है. दोनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 328 (जहर के माध्यम से चोट पहुंचाना), 381 (नौकर द्वारा चोरी), और 34 (सामान्य इरादा) के तहत गिरफ्तार किया गया.

Bihar

# पूजा करने मंदिर गया था प्रेमी जोड़ा, गांववालों ने पकड़कर करवा दी शादी

**मुंगेर, (एजेंसी)** बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के द्वारा एक प्रेमी जोड़े की शादी कराने का मामला सामने आया है. प्रेमिका घर से मंदिर जाने के बहाने निकली थी. इसी बीच ग्रामीणों की नजर उनपर पड़ गई. पूछताछ के बाद दोनों की रजामंदी से वहीं पर शादी करवा दी गई. ये घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है. दरअसल, टेटिया बंबर प्रखंड क्षेत्र के देवघरा स्थित ऊंचेश्वर नाथ महादेव की पूजा करने आए प्रेमी व प्रेमिका को ग्रामीणों ने मौके पर ही शादी करवा दी. इस शादी के वक्त पंचायत के मुखिया सुरेश यादव एवं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार उर्फ मुन्ना यादव उपस्थित रहे. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. बताया जा रहा है कि लड़की टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के भलगुडी निवासी शिवचरण पटेल की पुत्री कुमारी भारती है.



Uttarpradesh

# पड़ोसनों ने बच्ची को घर बुलाकर किशोरों से करवाया गैंग रेप, बल्ले से पीटा, दी धमकी

**अलीगढ़, (एजेंसी)** अलीगढ़ में देहलीगेट थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में बालिका से दो किशोरों ने रेप की वारदात को अंजाम दे डाला। इसमें दो महिलाओं को भी नामजद किया गया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासी महिला एक होमगार्ड की नौकरी करती है। उसने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह ड्यूटी पर चली जाती हैं तो घर पर उनकी 10 साल की नातिन व पति रहते हैं। पति किडनी की बीमारी से ग्रसित है। वो घर से बाहर नहीं निकलते हैं।

उनकी नातिन पड़ोस के प्लाट में खेलने चली जाती थी। इसी के सामने रहने वाली दो महिलाएं नातिन को अपने घर बुला लेती थीं। नातिन को बहला- फुसला कर महिलाएं मोहल्ले के ही दो किशोरों से दुष्कर्म कराती थीं। बच्ची के विरोध करने पर उसे बल्ले से पीटते और जान से मारने की धमकी देते थे। आठ फरवरी को भी दोनों महिलाओं ने बालिका को घर पर बुला लिया। दोनों आरोपियों से दुष्कर्म कराया। घर पहुंचने पर दादी के पूछने पर बालिका ने पूरा वाकया बताया।

दादी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गीता, राखी और अंशू व लकी के खिलाफ पोक्सो, सामूहिक दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परिक्षण कराया गया है। सीओ प्रथम, अभय पांडेय ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बालिका से दुष्कर्म का मामला है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएगें, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

खेल

# अनुष अगरवाल्ला ने ड्रेसेज में दिलाया पेरिस ओलंपिक का कोटा, भारत को पदक दिलाने का है लक्ष्य

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हांगझोऊ एशियाई खेलों में ड्रेसेज का ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाले घुड़सवार अनुष अगरवाल्ला ने देश को घुड़सवारी में पहला पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाया है। देश को यह कोटा अनुष के अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी संघ की चार इवेंट में दिखाए गए प्रदर्शन की बदौलत मिला है।




अनुष ने वारक्ला (पोलैंड) में 73.485 प्रतिशत, क्रोनेनबर्ग, नीदरलैंड में 74.4 प्रतिशत, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में 72.9 प्रतिशत, मिचलेन, बेल्जियम में 74.2 प्रतिशत अंक जुटाए। भारतीय घुड़सवारी संघ का कहना है कि यह कोटा देश के लिए है, आयोजकों को घुड़सवार का नाम भेजने के लिए ट्रायल कराए जाएंगे। 24 वर्षीय अनुष ने कहा कि ओलंपिक में खेलना उनका बचपन का सपना है, वह देश के लिए इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए गौरवान्वित महसूस करेंगे। टोक्यो ओलंपिक में फवाद मिर्जा खेले थे।

अनुष ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए कोटा हासिल करने में सफल होने पर मुझे बहुत गर्व और आभारी हूं। ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना हमेशा से मेरे लिए बचपन का सपना रहा है और मुझे देश के लिए इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने पर गर्व है। मैं वही करता रहूंगा जो मैं हमेशा से करता आया हूं। हमेशा खुद को लक्ष्य पर केंद्रित करना, अनुशासित रहना, कड़ी मेहनत करना, लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करना। मुझे विश्वास है कि मुझे इस प्रतिष्ठित मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा।'

युवा राइडर को उम्मीद थी कि वह कोटा बरकरार रखने में सफल रहेंगे। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने भी अनुष को बधाई दी है। जयवीर ने कहा, 'हमें ड्रेसेज इवेंट में व्यक्तिगत कोटा के आवंटन के बारे में ईएफआई से पुष्टि मिल गई है। यह गर्व की बात है कि ईएफआई इवेंट में अनुष के लगातार प्रदर्शन के कारण भारत को कोटा मिला है। ईएफआई स्पर्धाओं में और यह बिल्कुल भी आश्चर्य की बात नहीं है कि घुड़सवारी स्पर्धाओं में भारत को एक बार फिर ओलंपिक में प्रतिनिधित्व मिलेगा।

मशहूर फवाद मिर्जा ने 2020 टोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और उनसे पहले केवल इम्तियाज अनीस (2000), इंद्रजीत लांबा (1996) और दरिया सिंह (1980) ही सबसे बड़े खेल मंच पर प्रतिस्पर्धा कर सके थे।

सिनेमा

# एक्टर रितुराज सिंह का निधन, दोस्त ने की मौत की पुष्टि, बताई वजह



टीवी एक्टर रितुराज सिंह इस दुनिया में नहीं रहे। 59 साल की उम्र में कार्डिएक अरेस्ट की वजह से उनका निधन हो गया। उनके दोस्त अमित बहल ने एक मीडिया हाउस से उनकी मौत की पुष्टि की और बताया कि उन्हें पैंक्रियाज से जुड़ी दिक्कत भी हुई थी। रितुराज ने अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, दीया और बाती हम, हिटलर दीदी, सीआईडी, शशश कोई है और 90 के दशक के सीरियल्स बनेगी अपनी बात और तोल मोल के बोल जैसे कई टीवी शोज में काम किया है। वह शाहरुख खान के साथ डर और बाजीगर में भी काम कर चुके हैं। ईटाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमित बहल ने बताया, हां कार्डिएक अरेस्ट से उनका निधन हो गाय। कुछ वक्त पहले वह पैंक्रियाज के इलाज के लिए अस्पताल गए थे। वहां से वापस आने के बाद घर पर थे और दिल से जुड़ी समस्या की वजह से निधन हो गया।

# संपादकीय

## बढ़ाई चिंता

मणिपुर हिंसा को नौ महीने से ऊपर हो गए, मगर अभी तक कहीं से भी ऐसा नहीं लगता कि उस पर काबू पाने का कोई संजीदा प्रयास किया जा रहा है। आए दिन वहां हिंसा भड़क उठती है और लोग मारे जाते हैं। अब भी पुलिस थानों, विशेष बलों की चौकियों पर हमला कर भीड़ हथियार लूट ले जाती है और सुरक्षाबल उस पर काबू पाने में विफल नजर आते हैं। पिछले हफ्ते पूर्वी इंफल जिले के विशेष बल के शिविर में घुस कर भीड़ ने कई अत्याधुनिक हथियार और गोले-बारूद लूट लिए। इस घटना के बाद सात सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि लूटे गए हथियार और गोला-बारूद भी बरामद कर लिए गए हैं। निस्संदेह इससे सुरक्षाबलों की मुस्तैदी का पता चलता है, मगर इस घटना में उजागर हुए अन्य तथ्य ज्यादा चिंता पैदा करने वाले हैं। दरअसल, एक पुलिसकर्मी को एक उपद्रवी समूह में शामिल देखा गया था, जिसके चलते उसे निलंबित कर दिया गया। उसके निलंबन के खिलाफ भीड़ उग्र हो गई और थाने पर हमला कर दिया। वह उसका निलंबन वापस लेने की मांग कर रही थी। इससे एक बार फिर जाहिर हुआ है कि जिन लोगों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही उपद्रवियों का सहयोग कर रहे हैं। मणिपुर में इतने दिनों से चल रही हिंसा में अब वहां का समाज, यहां तक कि प्रशासन भी दो हिस्सों में बंट चुका है। मैतेई इलाकों में कुकी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती नहीं की जा सकती और न कुकी बहुल इलाकों में मैतेई सुरक्षाकर्मियों की। जब कुकी महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार और उन्हें नंगा घुमाने का वीडियो सामने आया था, तब भी यह तथ्य उजागर हुआ था कि उन महिलाओं को सुरक्षाकर्मियों ने ही भीड़ के बीच ले जाकर छोड़ दिया था। सुरक्षाकर्मियों के भीतर से जब इस तरह किसी समूह की हिंसा को समर्थन मिलने लगे, तो वहां शांति प्रयासों को गति मिलना मुश्किल हो जाता है। मणिपुर में भी यही हो रहा है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि सुरक्षाबलों के शिविरों, शस्त्रागारों आदि पर हमला बोल कर हथियार लूटने की घटनाओं के पीछे ऐसे ही समर्थक सिपाहियों-अधिकारियों की शह रही हो। मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद से इब तक हथियार लूटने की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं और उनमें बड़े पैमाने पर हथियार लूटे जा चुके हैं। उनमें से बहुत सारे हथियारों की बरामदगी अब तक नहीं हो सकी है। जाहिर है, उनका उपयोग हिंसा में हो रहा है। वहां हिंसा रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने एक विशेषाधिकार समिति गठित की थी, वहां हुई घटनाओं की जांच के लिए बाहर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की अगुआई में दल बनाया गया था, मगर वह प्रयास अभी तक इसलिए पूरी तरह कामयाब नजर नहीं आया है कि स्थानीय प्रशासन से जैसी मदद उन्हें मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल पा रही। मणिपुर हिंसा के पीछे राजनीतिक मकसद साफ है। प्रशासन का पक्षपातपूर्ण रवैया भी अक्सर दिखता रहा है! ऐसे में जब तक हिंसा रोकने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई जाती, इस दिशा में किसी सकारात्मक नतीजे की उम्मीद धुंधली ही बनी रहेगी। मगर अभी तक तो न केंद्र की तरफ से और न राज्य सरकार की तरफ से ऐसा कोई कदम उठाया गया है, जिससे जाहिर हो कि वे इसे रोकने को लेकर सचमुच गंभीर हैं!

**अर्ज किया है..!**

*कुछ तो बिखरा*
*बिखरा सा है,*
*ये ख्वाब है, ख्वाहिश है*
*या मेरा मन*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जगत को प्रभावित करना आसान है, जगत को प्रकाशित करना बहुत मुश्किल है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Health is Wealth

# मसूर दाल से मुल्तानी मिट्टी तक, चेहरे की रंगत सुधारने के लिए इन चीजों का यूं करें इस्तेमाल



गर्मियों का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में अब समय हो गया है कि आप अपने स्किन केयर को बदल लें और धूप में बैठकर खराब हुई रंगत को ठीक कर लें। स्किन को हर मौसम में देखभाल की जरूरत होती ही है। सर्दियों में धूप के अलावा, धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा की रंग भी गिरने लगती है और स्किन अनईवन हो जाती है। ऐसे में कुछ चीजों को चेहरे पर लगाकर आप स्किन की रंगत को सुधार सकते हैं। यहां जानिए मुल्तानी मिट्टी, मसूर की दाल और चावल को चेहरे की रंगत सुधारने के लिए कैसे इस्तेमाल करें।

### मुल्तानी मिट्टी

मुल्तानी मिट्टी चेहरे की रंगत को सुधारने में मददगार होती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए मुल्तानी मिट्टी को पानी में भिगो लें। फिर एक टुकड़ा आलू, टमाटर, एक चौथाई नींबू और एक चम्मच दही ब्लेंड कर लें। अब इस पेस्ट को मुल्तानी मिट्टी में मिक्स कर लें, इसे छन्नी से छानकर मिक्स करें। फिर इसमें बेसन डालें और मिक्स करें। पैक को चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर गुलाब जल की मदद से चेहरे को साफ करें।

### मसूर दाल

चेहरे की रंगत सुधारने के लिए आप मसूर दाल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए मसूर दाल को पीस लें और पाउडर बना लें। फिर पाउडर में थोड़ा दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिक्स करें और फिर चेहरे पर लगाएं। चेहरे का कालापन कम करने के लिए ये फेस पैक मददगार है।

### चावल

रंगत सुधारने के लिए पैक बना रहे हैं तो एक गिलास पानी में 2 बड़े चम्मच अलसी के बीज को 15 मिनट तक उबालें फिर इसके जेल को छान लें। अब इस जेल में 2 बड़े चम्मच चावल का पाउडर मिलाएं और 15-20 मिनट के लिए लगाएं। अब इस पैक को गुनगुने पानी से धो लें।

## Highlights

1. How to protect yourself from ATM scams? Govt shares best practices
2. Tenant's Rights: Can the landlord evict before 11 months?
3. President Droupadi Murmu honors freedom fighters at cellular jail
4. Farmers Issue Warning, Delhi Chalo March to Resume Tomorrow
5. President wasn't allowed to enter Ram Mandir, she's Adivasi: Rahul
6. Centre will be responsible for whatever happens now: Farmer leader
7. 16-yr-old JEE aspirant found dead in Chambal Valley days after he went missing from Kota

# Paytm Share Price Today: Hits 5% upper circuit. Will it completely recover?



**NEW DEIHI, (Agency).** Paytm Share Price: Paytm shares stayed in the green with a 5 percent rise today (February 20). This comes after Paytm founder and CEO Vijay Shekhar Sharma said that its QR code and soundbox facilities will continue to work even after the March 15 deadline set by the Reserve Bank of India (RBI).

What Paytm CEO Vijay Shekhar Sharma said?

"Paytm QR, soundbox and EDC (card machine) will continue to work like always, even after March 15. The latest FAQ issued by RBI on point #21 clarifies it unambiguously. Do not fall for any rumour or let anyone deter you to championing Digital India," he wrote on X (formerly Twitter).

How are Paytm shares performing today?

Read more: Vijay Shekhar Sharma's message on Paytm QR code, soundbox: Will work 'today, tomorrow...'

Paytm shares were trading at the upper circuit at ₹376 on the National Stock Exchange (NSE). So far in 2024, the stock has tanked 41 percent. In the previous session, Paytm gained 5 per cent as the stock hit the upper circuit for the second straight session.

What Jefferies India said on Paytm?

Jefferies India discontinued its rating on Paytm until the "news flow settles down". The brokerage said it has moved to 'not rated' from 'underperform'.

"Still, positive and negative risks arise from user/ merchant retention, revenue traction and cost-controls," Jefferies said in a note, adding that it awaited clarity on two issues: RBI's stance on the transition method for VPA handling of Paytm users and outcome of investigation against the company.

# Elon Musk's 'financial advice' to Joe Biden: 'Invest in infrastructure, not...'



**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk said that he supports calls for a ceasefire in the Russia-Ukraine war after which the United States should stop giving aid to Kyiv and instead focus on infrastructure projects in the country. Replying to venture capital founder David Sacks' thread on X (formerly Twitter), Elon Musk said a peace deal should have been "done a year ago" as Russia looks poised to win the war with Ukraine.

A user on X wrote, "It is time for a ceasefire and peace talks between Ukraine and Russia. Ukraine has lost this war and nothing will change that. Ukraine doesn't have enough men to win. $60 billion for Ukraine won't change the facts. Russia is going to keep Crimea and parts of eastern Ukraine."

Elon Musk agreed and wrote, "Yes. It is just a question of how many die before that reality is accepted. A peace deal should have been done a year ago. Since then, thousands of boys have died for nothing and Ukraine's position grower weaker by the day."

When another user wrote, "I feel really bad for Ukraine. I really do. But it's time to cut the losses and start talking about peace. No more money for war without making peace the number 1 priority", Elon Musk replied, "Yeah. Imagine 60bn spent on infrastructure in the United States.

# कार में बैठे-बैठे वकील की मौत

## 48 घंटे में साइलेंट अटैक का तीसरा मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में साइलेंट अटैक से मौत का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। इंदौर हाई कोर्ट वकील की कार में बैठे-बैठे अचानक मौत हो गई। घटना की जानकारी तब लगी जब उनके साथियों ने पार्किंग में खड़ी कार पर बैठे देखा। घटना सोमवार की है।**

एडवोकेट सुभाष उपाध्याय (52) की गाड़ी हाई कोर्ट परिसर की पार्किंग में खड़ी थी। उन्होंने सुबह से एक केस भी अटैंड किया। वे दोपहर अपनी कार से कुछ डॉक्यूमेंट निकालने या फिर रखने के लिए गए। इस दौरान वे कार की ड्राइविंग सीट पर बैठ गए।

वे गाड़ी में बैठकर केस फाइल पढ़ रहे थे। काफी देर तक नहीं लौटे तो उनके जूनियर वकील ढूंढते-ढूंढते उपाध्याय की कार तक पहुंचे। यहां उनके शरीर में कोई मूवमेंट नहीं हो रहा था। तब जूनियर वकील ने अपने अन्य साथियों को सूचना देकर कार के पास बुलाया। इसके बाद हाईकोर्ट की डिस्पेंसरी के डॉक्टर को बुलाकर चैक कराया। डॉक्टर ने प्रारंभिक चैकअप के बाद एडवोकेट उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार बेसुध हो गया। परिवार ने उपाध्याय का सोमवार शाम को ही अंतिम संस्कार कर दिया। शहर में 48 घंटे में साइलेंट अटैक का यह तीसरा मामला है।

## शादी समारोह से जेवर और गिफ्ट का बैग चोरी

**इंदौर**। शहर में शादी समारोह में वर वधु को मिलने वाले उपहार के बैग चुराने वाले बहुत सक्रिय है। विजय नगर क्षेत्र में फिर इसी तरह की वारदात हुई है। सुभाष मंडावरा निवासी 114 पार्ट 2 विजयनगर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। सुभाष मंडावरा ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे भावेश की शादी का रिसेप्शन आनंदम क्लब एंड रिजॉर्ट्स विजयनगर में चल रहा था। उपहार से भरा बैग जिसमें रकम भी रखी थी वह उनकी पत्नी कौशल्या के पास था। एक बुजुर्ग मेहमान के पैर छूने के लिए कौशल्या झुकी उसी दौरान उन्होंने वह बैग साइड में कुर्सी पर रख दिया था। मेहमान से बात करने के बाद उन्होंने वह बैग देखा तो वह गायब हो गया था। अज्ञात बदमाश इसी बीच बैग चोरी कर ले गया। बैग में लाखों रुपए उपहार राशि और सोने चांदी के जेवर रखे हुए थे। पुलिस फुटेज से आरोपियों की तलाश कर रही है। फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

## नशे के लिए वारदात करने वाले गिरफ्त में

**इंदौर**। खजराना पुलिस ने मोबाइल और चेन लूटपाट के मामले में दो लुटेरों को पकड़ा है। दोनों नशे के आदी हैं, नशे की लत पूरी करने के लिए वारदातें कर रहे थे। खजराना पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में पिछले दिनों मोबाइल लूट की जो वारदातें हुई है उसमें अमन उर्फ अनु सेन निवासी बेकरी वाली गली मालवा मिल और आशु उर्फ अजय सुनवाने निवासी कनक अपार्टमेंट शामिल है । पुलिस ने दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ की तो पहले तो वह इनकार करते रहे। बाद में लूट की वारदातें कबूली दोनों बदमाश नशे के आदी हैं नशे की लत पूरी करने के लिए ही वह लूटपाट की वारदातें कर रहे थे।

## जेवर से भरा बैग उड़ाने वाले पकड़ाए

**इंदौर**। पेनजान कालोनी में रहने वाली एश्वर्या यादव के घर उसकी बेटी प्रियंका अपने देवर की शादी का कार्ड देने आई थी इस बीच उसने अपना बैग पास ही सोफे पर रख दिया था। उसी दौरान घर में आए कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बड़ी ही सफाई से बैग चुरा लिया था जिसमें एक जोड़ी सोने के टाप्स,मंगलसूत्र और सोने की चैन रखी थी। सीसीटीवी कैमरे में फुटेज निकाले तो उसमें तीन चोर नजर आए जिन्हें पुलिस ने खोजबीन कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों के नाम विजयकांत शुक्ला उर्फ जीतू पिता मेवालाल निवासी नंदबाग कालोनी, पवन यादव पिता रामप्रसाद निवासी पेनजान कालोनी तथा राजा पिता रमेश लोबानिया निवासी गोविंद कालोनी बाणगंगा को पकड़ा है। पुलिस ने इसके अलावा चोरी का माल खरीदने वाले सराफा बाजार के दो लोगों को भी हिरासत में लिया है।

## छात्र को घेरकर मारपीट,पांच पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आईपीएस कालेज में एक दलित छात्र के साथ पांच लोगों ने मारपीट कर डाली। छात्र के भाई बचाने कालेज पहुंचे तो उनकी बाइक में तोडफ़ोड़ कर उनके साथ भी मारपीट की गई। राजेंद्रनगर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।**

पंचम की फैल में रहने वाला शुभम पिता पप्पू निहोरे आईपीएस कालेज में सेकंड इयर का छात्र है। उसने बताया कि वह स्कालर शिप के काम से जा रहा था तभी उसे विजय जाट,आलोक पटेल,वीरेंद्र गुर्जर,मिलींद पाटीदार और विशेष पटवारी ने घेर लिया और जाति सूचक शब्द बोलते हुए मारपीट करने लगे। मैंने फोन कर अपने भाई कनिष्क बैरवा और प्रथम लोधवाल को कालेज बुलाया तो वे बाइक लेकर पहुंचे। इन लोगों ने उनकी बाइक में भी तोडफ़ोड़ कर उनके साथ भी मारपीट कर डाली। इस हमले से आईपीएस कालेज में हंगामे के हालात बन गए थे। राजेंद्रनगर पुलिस ने शुभम की रिपोर्ट पर कालेज के ही छात्र विजय जाट,आलोक पटेल,वीरेंद्र गुर्जर,मिलींद पाटीदार और विशेष पटवारी के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों का मेडिकल भी करवाया गया है।

**दहेज के लिए सताया-** **इंदौर**। गांधीनगर पुलिस ने एक नव विवाहिता की शिकायत पर उसके ससुराल वालों के खिलाफ दहेज यातना का मुकदमा दर्ज करवाया है। फरियादी ने पुलिस को बताया की शादी के दूसरे दिन से ही आरोपी से दहेज की मांग करने लग गए थे। गांधीनगर थाने में फरियादी रूखसार निवासी बंबई बाजार की शिकायत पर उसके पति शाहिद अली और सास सलमा के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज किया गया है। पीडित्ता ने पुलिस को बताया कि दिसंबर महीने में पिछले साल उसकी शादी हुई थी, पति और सास शादी के बाद से ही प्रताडऩा देने लग गए। वह दहेज में 100000 की मांग कर रहे थे, पैसा नहीं मिलने पर उसे घर से निकाल दिया।

## कैफे में मारपीट, संचालक को चाकू मारा

**इंदौर**। पलासिया इलाके में कैफे में आए कस्टमर से मारपीट का मामला सामने आया है। कैफे संचालक बीच बचाव करने पहुंचा तो हमलावरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पलासिया पुलिस के मुताबिक बीती रात मनोरमा गंज के नाइट आउट कैफे पर रोहन कुमार धुर्वे चाय पी रहे थे। इसी दौरान वहां कन्हैया पहुंचा और उसने रोहन को जाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर इनके बीच मारपीट होने लगी। संचालक छोटेलाल बीच बचाव करने पहुंचा तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने कैफे संचालक छोटेलाल पाल की शिकायत पर कन्हैया पहाडिया और उसके साथियों पर चाकूबाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

## कैदी की हार्ट अटैक से मौत

**इंदौर**। सेंट्रल जेल में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी की पेरोल से लौटने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। सेंट्रल जेल में 14 साल से सजा काट रहा 60 वर्षीय पप्पू पिता रामस्वरूप निवासी जिंसी हाट मैदान रविवार को ही पैरोल पूरी कर घर से लौटा था। जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि कैदी जब जेल आया तो उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। घबराहट होने पर उसे जेल के अस्पताल में चेकअप के लिए ले जाया गया वहां सुधार नहीं हुआ तो एमवाय ले जाया गया जहां उसे अटैक आया और मौत हो गई।

## डायल-100 की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**इंदौर**। किसी अप्रिय स्थिति व अपराध नियत्रंण एवं आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर समय पर सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस की डायल-100 एफआरवी सेवा मुस्तैदी से अपना कार्य कर रही है। इस सुविधा को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने किया। पुलिस उपायुक्त जगदीश डावर की उपस्थिति में, पुलिस मुख्यालय भोपाल से आए प्रशिक्षक अधिकारियों एवं सहायक पुलिस आयुक्त ;कंट्रोल रूम इंदौर सुभाष सिंह व टीम द्वारा पुलिस कमिश्नरेट इंदौर, ग्रामीण. इंदौर, धार, झाबुआ, अलिराजपुर, खरगोन, खण्डवा,बड़वानी,बुरहानपुर जिलो के विभिन्न थानों में पदस्थ निरीक्षकों, उप निरीक्षकों को डायल-100 पर प्राप्त होने वाले इवेंट्स पर कम से कम समय में कॉलर को मदद पहुंचाने व उन समस्याओं के उचित निराकरण के लिये किस प्रकार त्वरित कार्यवाही की जाएं तथा डायल-100 सेवा को बेहतर बनाने हेतु जो नित नई तकनीक प्रयोग की जा रही है, आदि बातों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने कहा कि डायल-100 सेवा पुलिस की कार्यप्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसे हम जितना बेहतर करेगें उतनी ही पुलिसिंग बेहतर होगी और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा तथा इससे पुलिस की और बेहतर छवि जनता के बीच जाएगी। अतः हम सभी को मिलकर आम जनता के हितों के लिये चलायी जा रही इस महत्वपूर्ण सेवा को और बेहतर बनाने के लिये हमेशा कृत संकल्पित रहना चाहिए।

इस दौरान अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को डायल.100 के संचालन के लिये निर्धारित एसओपी के बारें में जानकारी प्रदाय की गयी वहीं रिस्पांस टाइम के महत्व व संवेदनशील प्रकरणों में क्या करें और क्या न करें इसके संबंध में भी विस्तार से समझाया। डायल.100 सेवा व एफआरवी के बेहतर उपयोग हेतु एमडीटी, मोबाइल डाटा टर्मिनल तथा प्रयोग की जा रही नई तकनीकी के संचालन का व्यवहारिक प्रशिक्षण को प्रजेन्टेशन द्वारा समझाया गया। एफआरवी के बेहतर रखरखाव के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी गयी। कार्यशाला का समापन अति.पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा उन्होनें सभी प्रशिक्षणार्थियों से ड्यूटी के दौरान उनके अनुभवों व उनकी समस्याओं को भी जाना तथा उनसे सामान्य परिचर्चा भी की। उन्होनें आ रही व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक जानकारी सहित जरुरी निर्देश भी दिये।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक